**खबर संक्षेप**

## गाँव-गाँव दुर्गा पंडालों में अर्पित की चुनरी, कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

**जुन्नारदेव :** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में 13वीं चुनरी यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जा रही है। नवरात्र की प्रतिपदा तिथि को तामिया ब्लॉक के तुलतुला पहाड़ स्थित माँ नैना देवी मंदिर से शुभारंभ हुई यह चुनरी यात्रा अब तक तामिया, नवेगांव एवं दमुआ ब्लॉकों के अनेक ग्रामों में पहुँच चुकी है। आठवें एवं नौवें दिन यह चुनरी यात्रा जुन्नारदेव ब्लॉक के उमराड़ी, बिलावर कला, करण पिपरिया, रिछेड़ा, खैरवानी, एवं तामिया ब्लॉक के इटावा, धूसावानी क्षेत्र के ग्रामों में प्रवेश कर भक्तिमय वातावरण का सृजन कर रही है।यात्रा के दौरान विधायक श्री उईके अपने सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के साथ दुर्गा पंडालों में पहुँचकर माँ दुर्गा को चुनरी और प्रसाद अर्पित कर रहे हैं। माँ के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति से ओतप्रोत हो रहा है। विधायक द्वारा प्रत्येक स्थल पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए माँ से प्रार्थना की जा रही है।चुनरी यात्रा की विशेषता यह रही कि विधायक सुनील उईके ने हर स्थान पर पहुँचकर दुर्गा पंडालों में कन्या पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। ग्रामों में ग्रामीणजन, महिला मंडल, युवा साथी और सामाजिक संगठन इस यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत कर रहे हैं। ढोल-नगाड़ों और माताजी के भजनों के साथ यात्रा का माहौल भक्तिमय एवं उत्सवधर्मी बन गया है। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी इस यात्रा में शामिल होकर माँ दुर्गा के दरबार में श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं।लगातार 13 वर्षों से आयोजित हो रही चुनरी यात्रा अब केवल धार्मिक अनुष्ठान न रहकर जनभागीदारी का महापर्व बन चुकी है। इस यात्रा से न केवल धार्मिक आस्था बढ़ी है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। आज 1 अक्टूबर नवमी तिथि को चुनरी यात्रा का भव्य समापन अंबाडा स्थित प्रसिद्ध हिंगलाज मंदिर में होगा। यहाँ विधायक सुनील उईके माँ हिंगलाज को चुनरी एवं प्रसाद अर्पित करेंगे।

### जांच में हुआ खुलासा, करीबियों को लाभ पहुंचाने का लगा आरोप, मामला पंजीबद्ध

# तत्कालीन सीएमओ नितिन बिजवे पर आय से अधिक संपत्ति एवं पद के दुरुपयोग का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

जिले में भ्रष्टाचार की गंगा ऐसे अविरल बह रही है कि ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचारियों को कोई खौफ नहीं बचा। नगर निगम हो या जिला पंचायत या फिर नगरपालिका हर विभाग में भ्रष्टाचार का दानव बेधड़क निडर होकर काम कर रहा है। आम आदमी पिसता जा रहा है। परंतु कभी न कभी पाप का घड़ा भरता ही है और ऐसा ही एक मामला आज सामने आया है। जहां आठ साल पुराने मामले में अपराध दर्ज किया गया है।




नितिन बिजवे, तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली जिला छिंदवाड़ा के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच पर पाया गया कि नितिन बिजवे दिनांक 09.12.16 से 09.03.19 तक एवं दिनांक 24.07.19 से 03.09.20 तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी न्यूटन चिखली के पद पर पदस्थ रहे हैं। इस दौरान फर्म एम.पी. ग्रीन इंटरप्राइजेज, वैष्णवी इंटरप्राइजेज, नर्मदा इंटरप्राइजेज, सांई इंटरप्राइजेज, यश इंटरप्राइजेज एवं जी. आर. इंटरप्राइजेज के द्वारा विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों में सामग्री सप्लाई हेतु म.प्र. सरकार के जैम पोर्टल पर पंजीयन कराया गया था ।जाँच पर पाया गया कि फर्म एम.पी. ग्रीन इंटरप्राइजेज की प्रोप्राईटर आरोपी नितिन बिजवे की पत्नि श्रीमति दीपाली बिजवे, फर्म यश इंटरप्राइजेज के प्रोपराईटर आरोपी नितिन बिजवे के पिता श्री गुणवंत राव बिजवे एवं फर्म जी. आर. इंटरप्राइजेज की प्रोपराईटर आरोपी नितिन बिजवे की मां श्रीमति शोभा बिजवे हैं। इन फर्मों के द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से नगर पालिका परिषद, न्यूटन चिखली द्वारा सामग्री क्रय हेतु जारी गई की गई निविदा प्रक्रिया में आनलाइन भाग लिया तथा सामग्री सप्लाई की गई। इस क्रय की गई सामग्री का आरोपी नितिन बिजवे द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली पदस्थ होते हुए अपनी पत्नि श्रीमति दीपाली बिजवे की फर्म एम. पी. ग्रीन इंटरप्राइजेज को कुल 2,81,997/-रू. का भुगतान, आरोपी द्वारा अपने पिता श्री गुनवंत राव बिजवे की फर्म यश इंटरप्राइजेज को 2,92,149/-रू. का भुगतान एवं आरोपी द्वारा अपनी मां श्रीमति शोभा बिजवे की फर्म जी.आर. इंटरप्राइजेज को 61,015/--रू. का भुगतान कुल6,35,161/- रू. का भुगतान दिनांक 23.03.18 से दिनांक 09.10.18 तक अपनी पदस्थापना के दौरान किया गया है।इस प्रकार आरोपी नितिन बिजवे के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग एवं अपराधिक न्यास भंग कर बेईमानी से कार्य करते हुए अपने सगे रिश्तेदारों के नाम से फर्मों का पंजीयन कराकर इन फर्मों से नगर पालिका परिषद, न्यूटन चिखली में अपनी पदस्थापना के दौरान सामग्री सप्लाई कराकर 6,35,161/- रूपये (छः लाख पैतिस हजार एक सौ इकसठ ) भुगतान कर लोक सेवक के रूप में अपने को सौपी गई किसी सम्पत्ति या नियंत्रणाधीन किसी सम्पत्ति का संबंधित फर्मों के लिए तथा स्वयं के लिए बेईमानी से कपटपूर्वक दुर्विनियोग किया है। अतः आरोपी नितिन बिजवे, तत्कालीन मुख्य नगर पालिकाअधिकारी नगर परिषद न्यूटन चिखली जिला छिंदवाड़ा के विरूद्ध धारा 409 भा.द.वि. एवं 7(सी), 13(1) ए भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मेंबराया।



## स्कूल में गरबा नृत्य महोत्सव का हुआ आयोजन

**बिछुआ।** नगर के एकमात्र बहुप्रतिष्ठित सीबीएसआई स्कूल आई. टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा बिछुआ में नवरात्रि के पावन अवसर पर विद्यालय द्वारा गरबा नृत्य महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के लगभग 700 छात्र/छात्राओं एवं लगभग 400 पालकों द्वारा गरबा नृत्य कर माता रानी के दरबार में हाजरी लगाई गई। बच्चों द्वारा मातारानी की मनमोहक तस्वीर बनाई गई जिसमें देवी जीवंत सी दिखाई दे रही थी।इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण का केंद्र गायन-वादन के साथ नृत्य रहा जिसमें बच्चों द्वारा गाए गए माता रानी के गानों पर बच्चों द्वारा गरबा नृत्य किया गया जिसने उपस्थित पालकों को मंत्रमुग्ध किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पालकों , छात्र/छात्राओं, एडिशन डांस ग्रुप छिंदवाड़ा के कोरियोग्राफर अमन सर, लकी सर, अभय सर, म्युजिक टीचर श्री नितिन साहू, शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ की स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती पूजा बोबडे ने सराहना की एवं भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग की अपेक्षा की।

## छात्रों को दी बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार अधिनियम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के प्रावधानों से अवगत कराने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं डी पी ओ ब्रजेश शिवहरे के मार्ग दर्शन मे बिछूआ विकास खंड के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बिछूआ मे किया गया । इस अवसर पर जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ने प्रशिक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया की जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की वस्तु स्थिति , मिशन वत्सल योजना, के अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ मे देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कोविद-19 बाल सेवा योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कोई निसंतान दंपति यदि बच्चा गोद लेना चाहता है तो उसके संबंध में कारा मे पंजीकरण कर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई नि संतान दंपति बच्चा गोद ले सकता है ।

## हरेंद्र नारायण होंगे छिंदवाड़ा के नए कलेक्टर, शीलेंद्र सिंह पहुंचे भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

मप्र में आईएएस ऑफिसरों का तबादला होने की सूची जारी होने के साथ ही राज्य में कुल 24 आईएएस ऑफिसरों का तबादला किया गया है। जिसमें छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के कलेक्टर बदले गए है।

छिंदवाड़ा के वर्तमान कलेक्टर शीलेंद्र को नगरीय विकास एवं आवास विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। वहीं नवागत हरेंद्र नारायण भोपाल



निगम कमिश्नर से जिले में अपनी सेवाएं देंगे। पूर्व में हरेंद्र नारायण जिला पंचायत सीईओ



छिंदवाड़ा का पदभार संभाल चुके है। आज जारी सूची में पांढुर्णा के कलेक्टर को भी बदलते हुए नीरज कुमार वशिष्ठ को कलेक्टर बनाया गया है। जबकि पांढुर्णा कलेक्टर अजयदेव शर्मा को राजस्व विभाग का उप सचिव बनाया है। साथ ही भूसंसाधन प्रबंधन के आयुक्त के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। छिंदवाड़ा के वर्तमान कलेक्टर शीलेंद्र सिंह पूरे देश में नवाचारों के लिए प्रसिद्धि पाई है। वॉश ऑन व्हील उनका यह प्रयोग पूरे देश में लागू किया गया है यह उनकी बड़ी उपलब्धि रही है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ाः स्वच्छ साइकिल रैली का आयोजन




**छिंदवाड़ा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आज स्वच्छ साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुँचाना था।रैली में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न एनजीओ के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने शहर की सड़कों पर साइकिल चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सफल प्रयास किया।कार्यक्रम के दौरान रैली के माध्यम से लोगों को कचरा प्रबंधन, सफाई और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। यह अभियान समाज में स्वच्छता और सेवा के संदेश को फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

## वार्ड 48 में स्वच्छता दूत सम्मान समारोह और दिव्यांग बच्चों का नुक्कड़ नाटक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आज वार्ड क्रमांक 48, आधार फाउंडेशन में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए।सबसे पहले स्वच्छता दूत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र निगम उपस्थित रहे। गणमान्य नागरिकों ने स्वच्छता दूतों को भेंट स्वरूप देकर सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। समारोह में सभी ने मिलकर 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया, जिससे स्वच्छता और सम्मान का अद्भुत संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कचरे में कमी लाना, पुनः उपयोग को बढ़ावा देना, समाज में जागरूकता फैलाना और स्वच्छता एवं सेवा में योगदान को प्रोत्साहित करना बताया गया।इसके बाद, आधार फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों द्वारा स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से कचरे के सही निस्तारण, साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## शिवोम तीर्थ दुर्गा मंदिर में महाष्टमी पर हुआ हवन

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया महाप्रसाद का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर महा अष्टमी का हवन बड़े आनंद और श्रद्धा भक्ति के साथ संपन्न हुआ. दोपहर 2 बजे से प्रारम्भ हवन देर रात्रि तक चलता रहा शाम को आरती के बाद बच्चियों ने मातारानी को प्रसन्न करने गरबा की प्रस्तुति मंदिर मे दी, उसके बाद फलाहारी भंडारे का आयोजन किया।



स्वामी सदानंद तीर्थ महाराज जी ने बताया की मंदिर परिसर मे स्थित माँ सिद्धीदात्री प्रतिमा के संबंध मे एक कहानी प्रचलित है भरतादेव व गुदडदेव दो भाई शिल्पकार थे, किसी गुफा में नग्नावस्था में मूर्ति निर्मीत किया करते थे। इनकी एक बहन थी जो प्रतिदिन भोजन लाया करती थी और गुफा के बाहर एक घण्टी बजाया करती थी तो दोनो भाई वस्त्र पहन कर बाहर आते थे और साथ में भोजन करते थे। एक दिन बहन के मन से जिज्ञासा उत्पन्न हुई की मेरे भाई आखिर अन्दर करते क्या है, दूसरे दिन वह अचानक बिना घण्टी बजाये अन्दर चली गई। तब भाईयों को जैसा देखा वह तुरन्त मृत्यु को प्राप्त हुई और दोनों भाई भागकर गुदड़देव और भरतादेव शिलाओं के रूप में परिवर्तित हो गये तभी से इन स्थान का नाम गुदड़देव व भरतादेव रखा गया है।

सन 2007 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों ने बताया की यहां विराजमान माँ सिद्धीदात्री की प्रतिमा का कार्बनरेटिंग का परीक्षण किया गया। जिससे यह ज्ञात हुआ कि यह प्रतिमा लगभग 1200 साल पुरानी निर्मित मूर्ति है। सन- 06.07.1992 से 19.09.1994 श्री एम. गोपाल रेड्डी कलेक्टर कार्यकाल ने इस स्थान से छेडखानी व अपत्ति ली गई परिणाम स्वरूप घर की शांति भंग हो गई फिर इनके पिता श्री ने यहाँ आकर माता जी एवं ब्राह्मलीन परम- पूज्यश्री भास्करानंद तीर्थ महाराज से क्षमा प्रार्थना कि क्योंकि उस समय मंदिर व आश्रम का संचालन स्वामी जी महाराज द्वारा किया जा रहा था। फिर कलेक्टर साहब की घरेलु परेशानी दूर होने के बाद उन्होंने कवेलू वाला मंदिर तुडवाकर लेंटर करवाया।

## मां काली जी का नौ दिवसीय भव्य आयोजन

### दमुआ में धूमधाम से मनाया जाता है नवरात्र पर्व, बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमुआ

नंदन माईन न. 2 में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर दिनांक 22 सितम्बर से 03 अक्टूम्बर तक अनवरत कार्यक्रम आयोजन चलते रहेगें शारदीय नव रात्र के पावन अवसर मा काली जी की प्रतिदिन विधि विधान अनुसार पूजन पाठ अनुष्ठान भजन कीर्तन आरती का



क्रम चल रहा है और दिनांक 30 सितम्बर दिन मंगलवार माता रानी की अष्टिमी पूजन पाठ अनुष्ठान, होगा और 01 अक्टूम्बर को हवन पूजन अनुष्ठान पूर्णाहूति आरती के पश्चात कन्या भोज प्रसादी का आयोजन किया गया है। सम्पूर्ण कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में पंडित आचार्य श्री रामकुमार शुक्ला जी काली मंदिर के खास पुजारी नंदन माईन नं. 2 के सानिध्य में सम्पूर्ण धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे है।

## शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा जी की होती है विशेष आराधना

**दमुआ।** दमुआ नगर एवं शहर में पूजा पंण्डालो मांता दुर्गा जी की नौ दिवसीय विशेष पूजन अराधना का क्रम चल रहा है मां भक्तों द्वारा प्रतिदिन मां की उपासाना अराधना व्रत उपवास भक्तिमय आस्था में डूबे हुए है जिसमें- भोले की मड़िया मंदिर समिति दमुआ वार्ड न. 12 में विराजित मां दुर्गा जी का रूप पिता शंकर जी और मां दुर्गा जी के रूप में विराजित मां दुर्गा का एक मनमोहक प्रतिमा, नव दुर्गा युवा उत्सव समिति दमुआ वार्ड न. 15 थाने के पीछे में विगत 40 वर्षो से मां दुर्गा जी की स्थापना एवं की जाती है और विधिवत पूजन पाठ के साथ दिनांक 29 सितम्बर को होली भराई का कार्यक्रम तथा 30 सितम्बर को हवन पूजन का कार्यक्रम होगा 01 अक्टूम्बर विशाल भण्डारी प्रसादी का कार्यक्रम 2 अक्टूम्बर का दशहरा के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम, 03 अक्टूम्बर को माता जी विसर्जन किया जावेगा। चिल्ड्रन पार्क दमुआ स्टेज में श्री राजू सोलंकी जी एवं दुर्गा उत्सव समिति पार्क के द्वारा भी मां दुर्गा की भव्य मूर्ति स्थापित की गई है तथा विधिवत पूजन पाठ कर कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे है।

## दुर्गा मंदिर में 127 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित

**दमुआ।** श्री श्री दुर्गा मंदिर गुजरी बजार दमुआ में 127 मनोकामना ज्योति कशल स्थापित किय गये और माता की मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजन अनुष्ठान आरती का क्रम चल रहा है प्रतिवर्षानुसार दुर्गा मंदिर समिति एवं माता के भक्त श्रद्धालुओ के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश स्थापित कर आकर्षक सज्जा के साथ सतरंगी रोशनी से माता का दरबार जगमगा रहा है। प्रतिदिन माता जी के जस भजन कीर्तन एवं श्री नामदेव जी शिक्षक द्वारा भव्य देवीजागरण की प्रस्तुती दी गई जिसमें नगर के समस्त भक्त श्रद्धालु, मातृ शक्ति ने भाग लेकर आंनद उठाया दिनांक 30 सितम्बर को महाआरती , 01 अक्टूम्बर को हवन पूजन, 02 अक्टूम्बर भण्डारा महाप्रसादी का आयोजन किया जावे 03 अक्टूम्बर को कलश विजर्सन धूमधाम से कन्हान नदी दमुआ मे किया जावेगा जहां भारी संख्या में भक्तश्रधालु, मातृ शक्ति, नागरिक व्यापारी बन्धु आदि भाग लेगें।

### छोटी बाजार में रामलीला के चौदहवें दिन का हुआ मंचन

# श्रीरामलीला का मंचनः कुंभकरण एवं मेघनाद का हुआ वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

श्रीरामलीला रंगमंच छोटी बाजार में लीला के चौदहवें दिन कुम्भकर्ण वध एवं मेघनाद वध की लीला खेली गई।मण्डल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि रावण अपने राज दरबार मे विराजित रहता है। तभी उसे लक्ष्मण जी के चैतन्य होने की जानकारी प्राप्त होती है।



रावण विचार करके अपने अनुज कुम्भकर्ण को जाग्रत करता है। कुम्भकर्ण अपने महल में छः मास की नींद में सोया रहता है। कुम्भकर्ण के जागने के पश्चात रावण उसे पूरी स्थिति से अवगत कराता है। कुम्भकर्ण रावण को नीति उपदेश देकर जानकी को वापस श्रीराम को सौपने कहता है परंतु रावण उसकी एक नही सुनता और युद्ध के लिए भेज देता है। इधर राम दल के शिविर में सूचना प्राप्त होती है कि कुम्भकर्ण युद्ध मैदान में राम दल को भयंकर क्षति पहुँचा रहा है। तब भगवान श्रीराम युद्ध के लिए आते है, कुम्भकर्ण और श्रीराम में भीषण युद्ध होता है। श्रीराम द्वारा कुम्भकर्ण का वध किया जाता है।

मुख्य निर्देशक वीरेन्द्र शुक्ल ने बताया कि रावण द्वारा मेघनाद को बुलाया गया एवं युद्ध हेतु आदेशित किया गया। युद्ध मे जाने से पूर्व मेघनाद अपनी विजय को सुनिश्चित करने के लिए यज्ञ करता है परंतु उस यज्ञ को लक्ष्मण जी के नेतृत्व में वानर सेना नष्ट कर देती है। इस तरह पुनः लक्ष्मण एवं मेघनाद के बीच भीषण युद्ध प्रारंभ हो जाता है। मेघनाद युद्ध मे अद्वितीय पराक्रम दिखाता है परन्तु अपनी दृढ़ इच्छा, व्रत एवं वीरता के बल पर लक्ष्मण जी मेघनाद का वध कर देते है। इसके बाद बहुत ही मार्मिक सती सुलोचना प्रसंग की लीला का मंचन हुआ जिसमे दिखाया गया कि मेघनाद पत्नी सुलोचना श्री राम के दल ने जाकर अपने पति का शीश मांगती है। इस प्रसंग ने सभी की आंखों में अश्रु भर दिए। श्रीराम सम्मान के साथ मेघनाद के शव को लंका को सौंप देते है। मंचन के बारहवें दिन श्री राम की भूमिका रजत पांडे, लक्ष्मण आयुष शुक्ला, हनुमान संतोष कुशवाह, रावण जितेंद्र सोनी, कुंभकर्ण विजय आनंद दुबे, मेघनाद मयंक चौरसिया, विभीषण नीरज चौरसिया एवं सुग्रीव की भूमिका में श्रीकांत द्विवेदी दिखाई दिए। आज होगा अहिरावण सहित अन्य राक्षसों का वधप्रवक्ता ऋषभ स्थापक ने बताया कि आज अहिरावण वध, अतिकाय वध एवं नारांतक वध की लीला खेली जाएगी। रावण पुतला दहन एवं मुख्य आयोजन की तैयारी पूर्ण, इस भी होगा भव्य चल समारोह मंडल के संरक्षक राजू चारणागर एवं कस्तूरचंद जैन ने बताया कि असत्य पर सत्य की जीत के लिए श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण एवं हनुमान जी के साथ छोटी बाजार श्री रामलीला रंगमंच से ठीक 3:00 बजे दशहरा मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ब्लॉक कॉलोनी में वर्ष 1977 से लगातार की जा रही है दुर्गा प्रतिमा स्थापित

# ब्लॉक गणेश समिति द्वारा गरबा प्रस्तुति पर महिला मंडल को बेलपत्र के भेंट किए पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

ब्लॉक कॉलोनी में वर्ष1977 से दुर्गा प्रतिमा लगातार स्थापित की जा रही है। नवरात्रि के इस पावन पर पर ब्लॉक कॉलोनी स्थित दुर्गा पंडाल मैं सास्कृतिक कार्यक्रम एवं गरबा के आयोजन हो रहे हैं! इसी क्रम में ब्लॉक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल गरबा का आयोजन किया गया!जिसमें ब्लॉक कॉलोनी महिला मंडल एवं बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति पेश की गई इस शानदार प्रस्तुति के अवसर पर ब्लॉक गणेश उत्सव समिति के सदस्य शंभू धुर्वे संदीप धुर्वे शिवम डेहरिया (बुल्लू ) चीनू मेहरा राजकुमार एवं मित्र मंडल एवं पंडा जी अरविंद कुमार सोनी के हाथों प्रसाद वितरण के अलावा महिला गरबा ग्रुप को देव वृक्ष बेलपत्र के 51पौधे भेंट स्वरूप दिये गये एवं उन्हें पालने की जिम्मेदारी भी तय की गई! महिला मंडल ने इस अदभुत उपहार महादेव के बेलपत्र वृक्ष के पौधे पा कर समिति एवं ब्लॉक गणेश मंडल को धन्यवाद दिया! और इन वृक्ष को पालकर पर्यावरण के प्रति सुरक्षा की शपथ ली! इस प्रकार दुर्गा उत्सव के पावन पर्व पर बेलपत्र के पौधे भेंट किया जाना अनूठी पहल के साथ-साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा एवं पर्यावरण का संदेश देने एक पहल बनकर ब्लॉक गणेश उत्सव समिति का अनूठा प्रयास जो सर्वत्र सराहा जा रहा है!

## खेड़ापति मंदिर में सुहागले का आयोजन

**शाम को हुआ हवन पूजन और महाप्रसाद का वितरण**



**छिंदवाड़ा।** परासिया रोड स्थित मालीपुरा नोनिया कर्बल स्थित खेड़ापति माता मंदिर में मंगलवार को महिलाओं ने सुहागले का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एक से परिधान में मौजूद रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे। मंगलवार को खेड़ापति माता मंदिर में हवन पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके बाद शाम को भंडारे का भी आयोजन हुआ जो रात तक चलते रहा। श्रद्धालुओं ने भंडारे का लाभ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जानराव चरपे, अजाबराव चरपे, नामू चरपे, सरोज सातपुते, आशीष चरपे, राजा सोनी, बबलू चरपे, राजू चरपे, संजय घोरसे सहित वार्ड वासियों का सहयोग रहा।

## सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**न्यूटन / परासिया** :- स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत न्यूटन चिखली नगर परिषद द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करवाए जाने हेतू विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्षा , उपाध्यक्ष , सभापति एवं पार्षद , समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी सफाई मित्र एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे । शिविर के दौरान सभी सफाई मित्रों व उनके परिवार के सदस्यों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा जांच के साथ - साथ आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया । परिषद द्वारा यह पहल सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है । 17 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक देशभर में यह अभियान चलाया जा रहा है ।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्षा अनुपमा राय ने कहा , कि ₹सफाई मित्र हमारी व्यवस्था की रीढ़ हैं , उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल रखना हम सभी का कर्तव्य है ।₹ इस अवसर पर उन्होंने हमारे सफाई कर्मियों को धन्यवाद दिया । कार्यक्रम में अध्यक्षा अनुपमा राय , सभापति नीरू चंदेल , कविता डेहरिया , डॉक्टर सुधा बक्शी सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता , सफाई कर्मी और नपं का स्टाफ मौजूद रहा ।

## चित्र और रंगोली के माध्यम से दिया स्वच्छता का सन्देश



**बड़कुही / परासिया** :- स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बड़कुही सी एम राइज स्कूल के छात्र - छात्राओं ने सुन्दर रंगोली और विभिन्न पर्यावरण को प्रदर्शित करते चित्र बनाकर स्वच्छता का सन्देश दिया । स्कूल में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में नगर पंचायत बड़कुही की विशेष भूमिका रही । छात्रों द्वारा प्रदर्शित कलाओं का अध्यक्ष भारत डेहरिया , सी एम ओ राहुल कौरव और अन्य जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन कर सराहना की ।

## कलेक्टर से मिले अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी



**परासिया** :- अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी द्वारा जिला कलेक्टर शेलेन्द्र सिंह से मुलाकात की गई । जिसमें छिंदवाड़ा जिले में आदिवासी समाज की भूमि का अवैध रूप से विक्रय रोकने , समाज का धर्मान्तरण रोकने , शिक्षा के क्षेत्र में सुधार करने सहित अन्य सामाजिक सुधार के मामलों पर चर्चा की गई । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश सराठी , माया धुर्वे जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , भुनेश परानी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष , राकेश सरेयाम ब्लॉक अध्यक्ष , राहुल सराठी ब्लॉक उपाध्यक्ष परासिया , रूपेश इरपाची ब्लॉक महामंत्री , अशवनी मरकाम संरक्षक न्यूटन , रामजी इरपाची , नंदू इरपाची , मनोज मरकाम , कालीचरण इरपाची , सकरलाल युनाती , श्याम परतेती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## माता के दरबार में हुआ सुहागले कार्यक्रम

**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन वार्ड 5 स्टेट बैंक के समीप विराजी माता रानी के दरबार में सुहागले कार्यक्रम हुआ ।मां भगवती के दरबार में महिला मंडल की सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । सर्वप्रथम मां भगवती की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया । जिसमें महिला मंडल प्रमुख लता जावरे , आरती रत्नाकर , माया यादव , आरती चौहान , कविता सिरसाम , डोली गेडाम , शिवानी , सोनम विश्वकर्मा , पूनम बरखाने , बिंदा सिंग एवम हेमवती गेडाम ने अपनी सहभागिता निभाई । बता दें कि यहां बीते 40 वर्षों से नवरात्री में माँ भगवती की प्रतिमा स्थापित कर यह पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता आ रहा है ।



## पार्षद प्रतिनिधि ने रुकवाए डंपर वाहन, जेसीबी और पोकलेन मशीन

# निजी मैंगनीज खदान के भारी भरकम वाहनों से बर्बाद हुई सड़क



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तहसील मुख्यालय कटंगी से सटी ग्राम पंचायत सेलवा में संचालित निजी मैंगनीज खदान और प्लांट के भारी भरकम डंपर वाहनों की आवाजाही से नगर परिषद के एमआरएफ सेंटर और मिनी स्टेडियम की तरफ जाने वाली कच्ची सड़क बुरी तरह से बर्बाद हो गई है. अधिकतम 08 टन क्षमता वाले वाहनों के लिए बनी कच्ची सड़क में 35 से 40 टन वजनी डंपरों के हर दिन गुजरने से कच्ची सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिस कारण नगर परिषद के कचरा वाहन भी अब एमआरएफ सेंटर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और शहर से निकलने वाला कूड़ा-कचरा मोक्ष धाम के पास फेंका जा रहा है. गत दिवस विधायक गौरव सिंह पारधी ने एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया था तब उन्होंने सड़क की हालत को देखते हुए उपयंत्री राजेश चौकसे को साफ शब्दों में निर्देशित किया था कि इस सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने के लिए सड़क को ब्लॉक करें लेकिन विधायक के निर्देश को अनसुना किया गया. जिसका नतीजा यह हुआ कि भारी डंपरों की आवाजाही निरंतर जारी रही और अब सड़क पैदल चलने लायक भी नहीं बची है. मंगलवार की सुबह 11 स्थानीय किसानों ने वार्ड क्रमांक 02 पार्षद प्रतिनिधि दिमागचंद टेम्भरे को शिकायत की जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने सड़क से गुजर रहे खदान के सभी डंपर, जेसीबी और पोकलेन मशीन को रूकवा दिया और एसडीएम, सीएमओ को सूचना दी. सीएमओ ने उपयंत्री राजेश चौकसे को मौके पर भेजा. इसके साथ ही खदान के जिम्मेदार कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद करने का भरोसा दिया जिसके बाद सभी वाहनों को छोड़ दिया गया है. खदान कर्मचारी ने सड़क बनाने की पेशकश की. जिस पर उपयंत्री ने विधिवत नगर परिषद कार्यालय में आवेदन लगाने के लिए कहा है। सेलवा मैंगनीज प्लांट और चिकमारा निजी मैंगनीज खदान के बीच हर दिन बड़ी संख्या में भारी भरकम डंपरों की आवाजाही होती है. यह आवाजाही नगर परिषद के कच्चे रास्ते से होती है. इसी रास्ते में नगर परिषद का एमआरएफ सेंटर और मिनी स्टेडियम है. नगर परिषद के कचरा वाहन हर दिन शहर से निकलने वाला कचरा यहां लाकर डंप करते है जबकि इसी से खिलाड़ी मिनी स्टेडियम आना जाना करते है. सेलवा गांव के कई लोग भी इस शार्टकट रास्ते का इस्तेमाल करते है लेकिन सड़क की हालत भारी भरकम वाहनों की आवाजाही से इस कदर खराब हुई कि दोपहिया और चारपहिया वाहन भी दलदल में फंस रहे है. सड़क के गड्ढों को भरने के लिए वेस्ट मटेरियल का उपयोग किया गया लेकिन यह तरकीब भी असफल हो गई. नगर परिषद उपयंत्री राजेश चौकसे ने मंगलवार को खदान के कर्मचारियों से कहा है कि वह इस सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने अन्यथा नगर परिषद उचित कार्रवाई करेगी. उन्होंने खदान कर्मचारी को वाहनों की आवाजाही के लिहाज से सड़क बनाने के लिए कहा है।

## गीतकार श्याम बैरागी का नगरागमन

**वारासिवनी।** स्वच्छता अभियान को लेकर संपूर्ण भारत वर्ष की गली कूचों में गूँजने वाले गीत गाड़ी वाला आया, घर से कचरा निकाल के गीतकार एवं गायक श्याम बैरागी का प्रथम बार वारासिवनी नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर संस्कार भारती परिवार एवं वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा श्री बैरागी का पुष्पहार पहना कर स्वागत करने के साथ ही उन्हें अंग वस्त्र, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि हिन्दी दिवस 2025 के शुभ अवसर पर हिन्दी साहित्य भारती महाकौशल प्रांत एवं संस्कार भारती परिवार द्वारा श्याम बैरागी को हिन्दी भाषा एवं साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया था। जिसे नगरागमन पर उन्हें प्रत्यक्ष रुप से भेंट किया गया। श्री बैरागी हाथकरघा उद्योग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वारासिवनी में पधारे थे।

## सजा माता का दरबार ...



सिविल क्लब वारासिवनी



गुरूनानक धर्मशाला वारासिवनी



कृषि उपज मंडी वारासिवनी



सम्राट दुर्गाउत्सव समिति वारासिवनी



गांधी चौक वारासिवनी

## विधायक अनुभा मुंजारे ने किया विसर्जन घाट तक सीमेंट सड़क का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा मे मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा सीमेंट सड़क कार्य का भूमिपुजन किया गया। ग्राम पंचायत अंतर्गत विसर्जन घाट तक पहुंचने मे श्रद्धांलुओं व धर्मप्रेमियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसे देखते हुए ग्रामीणजनों द्वारा लालबर्रा सरपंच अनीस खान को मांगपत्र लिखकर विधायक अनुभा मुंजारे से मेन रोड से विसर्जन घाट तक सीमेंट सड़क व विधुत पोल की मांग की गई थी जिसे विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उक्त कार्य को स्वीकृत कराया जिससे ग्रामीण जनो मे हर्ष व्याप्त हैं। उक्त कार्यक्रम मे मुख्यातिथि विधायक अनुभा मुंजारे के अलावा सरपंच अनीस खान, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, मंदिर समिति अध्यक्ष जगदीश प्रशाद शास्त्री, शैलेश केकती विधायक प्रतिनिधि, अधिवक्ता बाबूलाल सर्राठे, सुमित स्वामी, बसंत हटतेवार पूर्व सरपंच, समाजसेवी किशोर गुप्ता, ऋतिक कटारे, रामनाथ सोनी, गोलू अग्रवाल, मनोज बंटी शर्मा, पवन नामदेव, चैनलाल श्रीवास, सलीम खान, नारायण सोलंकी, सचिव रणविजय सिंह, सहायक सचिव कृष्णा पंचश्वर, मनीष शास्त्री, उमेश बंटी आशवाले, डॉ मनोज शास्त्री, वरिष्ठ समाजसेवी गिरीश पाठक, विकास तिवारी, रणधीर सिंह सेंगर, नितिन साखला, आबिद कुरैशी, तपेश पंजरे, सहित सैंकड़ो ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## केरल पुलिस केरल एवं उड़िसा स्टेट कटक उड़ीसा ने जीते मैच, आज होगा फाइनल का महामुकाबला



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** उकवा मायल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में 64 वां मायल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव के महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय फाइनल मैच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर 2025 से मायल ग्राउंड उकवा में कराया जा रहा है जिसमें 30 सितंबर 2025 को पहला मैच केरल पुलिस केरल एवं आर के एम नारायणपुर छत्तीसगढ़ के मध्य सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें पुरे समय तक दोनों ही टीम बराबर रही अंतिम में ट्रायब्रैकर कराया गया जिसमें केरल पुलिस केरल 5-3 से विजय रही । दुसरा सेमीफाइनल मैच एसई रेलवे नागपुर महाराष्ट्र एवं उड़िसा कटक उड़ीसा के मध्य खेला गया जिसमें उड़ीसा स्टेट कटक उड़ीसा ने 1-0 से एसई रेलवे नागपुर महाराष्ट्र को हराकर जीत हासिल की। फाइनल मैच में जीतने वाली विजेता टीम को पहला इनाम 1 लाख 11 हजार 111 रूपये एवं उपविजेता टीम को 55 हजार 5 सौ 1 रूपये रखा गया है।सरंक्षक यू.एस. भाटी(अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक खान)(समूह 1 बालाघाट खान)अध्यक्ष निषाद निकोसे (खान प्रबंधक, उकवा खान)व्यवस्था समिति मनोज साठे, राजेश खोब्रागडे, प्रदीप मरकाम, दिलीप नागोसे, जोसेफ नाग, शिवप्रसाद चौधरी, प्रवीण नायर, कृष्णा कटौते, अशोक साहु, मुकेश मरकाम,दर्शन दीप, राजकुमार नेताम, रुपेश हिरवानी, दिपक कुमरे, दिनेश सिंग, राजा करिया गुरु, रोशन भालेन्द्र, रविदास टांडिया,उपाध्यक्षश्री जयंता प्रधान,टूर्नामेंट सचिव राहुल धुर्वे कोषाध्यक्ष - विशाल सालुखे नवीनबाबू कैलामहिला व्यवस्था समिति -श्रीमती सुनीता तिरकी,श्रीमती सरस्वती ब्रम्हे,श्रीमती रेखा बाघ सहसचिव - विनय तांडी, पीतम यादव धर्मेन्द्र मेश्राम ,टेक्निकल कमेटी अजय बड़ोले, मंदार सेनगुप्ता, वी. कोटेश्वर राव सुरक्षा समिति समीर बॅनर्जी टेकचंद मदनकरश्री बाबूलाल कौशलश्री दिनेश नंद एवं समस्त सुरक्षा विभाग डॉ. विजय मरध हेमंत बाघसमस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, कामगार मॉयल लिमिटेड उकवा खान ।पहले मैच के मुख्य अतिथि संजय उइके बैहर विधायक विशेष अतिथि निषाद निकोसे खान प्रबंधक उकवा जिला फुटबाल एसोसिएशन उपाध्यक्ष जेम्स बारिक शिव कुमार उइके सरपंच अनुज चौकसे कांग्रेस मंडल अध्यक्ष उकवा जैयंता प्रधान उपखान प्रबंधक उकवा। पहले मैच के मुख्य निर्णायक सुरेश विश्वकर्मा कुलदीप रघुवंशी गौरव पांचे मुकेश तिल्लासी दुसरे मैच के निर्णायक रोहित यादव उकवा विकास वरकड़े राहुल गुप्ता नितेश मेरावी । दुसरे मैच के मुख्य अतिथि श्रीमती भारती पारधी सिवनी बालाघाट सांसद तपन राजा चौधरी सांसद प्रतिनिधि यशवंत शरणागत भाजपा नेता राजेश अग्रवाल कांति चौहान महामंत्री तपेश घुले विजय पटले अध्यक्ष भाजपा उकवा चंदन विश्वकर्मा मुरलीधर नर्सवानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मैच कमीशनर शाहरुख कुरैशी बड़वानी ने बताया कि मायल लिमिटेड सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति उकवा के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में पहली बार मैं मैच कमीशनर के रूप में आया हुं इस पुरे मैच में लगभग 12 टीमों ने भाग लिया था जिसमें केरल पुलिस केरल एवं उडीसा स्टेट कटक उड़ीसा फाइनल मैच में पहुंची।

**खबर संक्षेप**

## महिला टेलर प्रशिक्षण बैच का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरुवार को सेंट-आर सेटी सिवनी में 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण का समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से एलडीएम श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया एवं आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से डीपीएम श्री संजय रस्तोगी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉकों से आमंत्रित 35 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। इन प्रशिक्षणार्थियों को डीएसटी सुश्री सीमा साहू द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन अवसर पर एलडीएम श्री दिसोरिया ने वित्तीय साक्षरता एवं साइबर क्राइम के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं डीपीएम श्री रस्तोगी ने महिला टेलरिंग की उपयोगिता और बैंक लोन की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में आर-सेटी निदेशक श्री कुलदीप सिंह, समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## 2 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में दुग्ध उत्पादन पूरे देश का लगभग 9 प्रतिशत है, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य से 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी जिलों में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान तीन चरणों में क्रियान्वित होगा। अभियान के दौरान पशुपालन विभाग का अमला एवं मैत्री कार्यकर्ता पशुपालकों के घर-घर पहुंचकर उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य और पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) संबंधी जानकारी देंगे तथा जागरूक करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में उन पशुपालकों को शामिल किया गया है जिनके पास 10 या उससे अधिक गाय-भैंस वंश के पशु हैं। इसके माध्यम से पशुपालन को वैज्ञानिक एवं आधुनिक पद्धति से जोड़कर दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि लाने का प्रयास किया जाएगा।

## नन्ने -मुन्ने बच्चों की कल्पनाशक्ति से कबाड़ बन रहे आकर्षक गमले

**सिवनी** / "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) के दौरान जिले के शासकीय विद्यालयों में नन्हें-मुन्ने बच्चों की कल्पनाशक्ति रंग बिखेर रही है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में बच्चों ने कबाड़ से सुंदर गमले तैयार किए और उन्हें अपने हाथों से सजाया। विद्यार्थियों ने अनुपयोगी बोतलें, टीन के डिब्बे और बाल्टियों को गमले का रूप दिया। खास बात यह रही कि नन्हें-मुन्ने बच्चों ने इन गमलों को अपनी कल्पना से कार्टून, गुलदस्ते और विभिन्न रंगीन आकृतियों में रंगकर जीवंत बना दिया। रंग-बिरंगे गमलों में पौधारोपण कर विद्यालय का वातावरण हरा-भरा और आकर्षक हो गया है। इस नवाचार को और रोचक बनाने के लिए विद्यालयों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चों की सृजनात्मकता, सजावट और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का मूल्यांकन होगा। कबाड़ को उपयोगी बनाने की यह पहल न केवल विद्यालयों की सुंदरता बढ़ा रही है बल्कि बच्चों में पुनर्चक्रण की आदत, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और कलात्मक प्रतिभा को भी प्रोत्साहित कर रही है। सचमुच, नन्हें हाथों की मेहनत और कल्पना से विद्यालय अब और भी जीवंत दिखाई दे रहे हैं।

## आयोजित की गई वाद विवाद प्रतियोगिता

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा योजना 17 सितंबर से 2 अक्टूबर में 2025 के अंतर्गत प्रचाय डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण तथा एनएसएस अधिकारी प्रोफेसर रंजीता कमलेश और प्रोफेसर गणेश मांतरे के निर्देशन में संपन्न कराई गई ।

# केवलारी नगर सहित पूरा क्षेत्र माँ दुर्गा की आराधना में लीन

**केवलारी (हरिभूमि-राकेश आत्मपूज्य)** इन दिनों नगर सहित पूरा क्षेत्र नवरात्रि पूजा और आराधना में लीन है। नगर तथा क्षेत्र में विराजी माँ दुर्गा और काली जी के कई रूप दिखाई दे रहे हैं जो मन मोह रहे हैं। जगह जगह विराजी माँ भगवती के दर्षन के लिए सुबह षाम उमड़ रहे श्रद्धालुओं की भक्ति देखते ही बन रही है। षाम होते ही पंडालों की साजसज्जा से नगर रोषन दिखाई पड़ रहा है, वहीं रंग-बिरंगी लाईटों से सजे पंडालों की षोभा देखते ही बन रही है। सुबह-षाम की आरती में लोग षामिल हो रहे हैं और माँ भगवती की आराधना कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र में कई जगह जागरण तो कहीं झाँकियाँ, कहीं देवीगीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा है। देवालयों में जवारे एवं मनोकामना कलष रखे गये हैं। रोज सुबह लोग मंदिरों में पहुँचकर माँ की भक्ति में लीन होकर जयकारों के नारों से नगर गूँज रहा है।


हनुमान चौक लोधी मोहल्ला केवलारी


केवलारी बाजार चौक की महारानी


मजदूर संघ समिति बड़े ग्राउण्ड केवलारी


पी.एच.ई. पानी टंकी ब्लॉक केवलारी


चाँदनी चौक केवलारी


वार्ड नं. 01 (ग्राम मलारा) केवलारी


मण्डला नाका केवलारी


गोंड़ी मोहल्ला केवलारी


उगली नाका केवलारी


खिरका मोहल्ला केवलारी


बस स्टेण्ड केवलारी


बस स्टेण्ड ग्राउण्ड केवलारी

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 185 आवेदन

**सिवनी** / प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम थरेला ब्रुंकगंज निवासी प्रेमनाथ मर्सकोले द्वारा माह अगस्त-सितम्बर का राशन दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम मोहगांव गूजर निवासी जयपाल यहके द्वारा बीपीएल कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम फलारा निवासी सुमरन यादव द्वारा नक्शा सुधार किये जाने विषयक, जनपद लखनादौन निवासी सदाली लाल धुर्वे द्वारा पेंशन प्रकरण का निराकरण कराये जाने विषयक, ग्राम बांकी थाना बंडोल निवासी समस्त मोहल्ले में साफ-सफाई एवं मंच निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम नरेला सिवनी निवासी दिलराज यादव द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम भीमगढ निवासी पीर मोहम्मद द्वारा अतिवृष्टि के कारण मक्का की फसल नष्ट हो जाने विषयक, ग्राम मोहगांव लखनादौन निवासी मुकेशवती द्वारा अनुदान राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम कमकासुर निवासी अशोक यादव द्वारा गरीबी रेखा में जोडे जाने विषयक, बरापत्थर सिवनी निवासी अभिषेक प्रजापति द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम सिमरिया सिवनी निवासी श्यामवती चतुर्वेदी द्वारा आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम बांकी थाना बंडोल निवासी सरजु प्रसाद जंघेला द्वारा शासकीय भूमि में पुलिया निर्माण कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम पिटेसुर निवासी देवेंद्र द्वारा वृक्ष कटाई की अनुमति प्रदान किये जाने विषयक, ग्राम सिंघोडी सिवनी निवासी शकील खान द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने विषयक, ग्राम पाथरकाठी लखनादौन निवासी भगवानदास कुमरे द्वारा पेंशन दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम रामगढ निवासी अनुसुईया गानगे द्वारा प्राथमिक शाला में अतिरिक्त भवन बनाये जाने विषयक, ग्राम कातलबोडी निवासी मोहन सनोडया द्वारा खरीफ एवं रबी फसल की बीमा राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम आलोनिया खापामाल निवासी अंकित साहू द्वारा समग्र आईडी में सुधार कराये जाने विषयक, महामाया वार्ड सिवनी निवासी अशोक विश्वकर्मा द्वारा स्वयं के मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, सहित कुल 185 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**सिवनी** / संचालनालय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, जिला चिकित्सालय परिसर सिवनी में दोपहर 12 बजे से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश सेन, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास श्री राजेश लिल्हाजरे, मनोचिकित्सक डॉ. जयेश काकोडिया सहित विभिन्न विभागों जैसे शिक्षा, जनजाति कार्य, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ, बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में लगभग 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मनोज लारोकर ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं मिशन वात्सल्य के प्रमुख प्रावधानों पर जानकारी दी। अखिलेश यादव, सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012 पर पीपीटी प्रस्तुति दी गई तथा बाल संरक्षण पर आधारित लघु फिल्म कोमल का प्रदर्शन किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की भी जानकारी प्रदान की गई। साइबर सेल के अधिकारी श्री विनय ने साइबर अपराध एवं हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया। वहीं विधि सह परिवीक्षा अधिकारी श्री अमित ढकेता ने किशोर न्याय अधिनियम 2015, दत्तक ग्रहण विनियम 2022, वैकल्पिक देखरेख योजना, बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम शाम 5 बजे तक चला। इसमें प्रश्नोत्तर सत्र एवं पुरस्कार वितरण भी हुआ। सभी प्रतिभागियों हेतु अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में बाल संरक्षण अधिकारी श्री विकास कुमार दुबे ने आभार व्यक्त किया।


कालका मठ में विराजित मां शारदा सिवनी

## वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर 01 अक्टूबर को

**सिवनी** / राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 अक्टूबर 2025 को इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ विनोद कुमार नावकर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वृद्धजनों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करना और बीमार पाए जाने पर उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सुनिश्चित करना है।

शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। एनसीडी क्लीनिक कक्ष क्रमांक 20 से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। इसमें बीपी, शुगर, मोतियाबिंद के लिए नेत्र परीक्षण, हड्डी रोग, मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण, बधिरता, नाक कान गला संबंधी बीमारियों की जांच, खून की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल होंगे।

स्वास्थ्य शिविर में न केवल रोगों की पहचान और उपचार किया जाएगा बल्कि वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के लिए आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सक दल वृद्धजनों को सही खानपान, जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी देंगे जिससे वे स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन जी सकें। डॉ विनोद कुमार नावकर ने जिले के सभी वृद्धजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं और इस अवसर का लाभ उठाएं।

**नरसिंह अवतार की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी**

# 2 अक्टूबर को परम्परागत रूप से बड़े मिशन ग्राउंड में मनाया जावेगा दशहरा

**रामद्वार नेहरू रोड पर नरसिंह अवतार की झांकी सजाई गई है जो आकर्षण का केंद्र बन हुई है यहाँ भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक विद्युत छटा के साथ पैसेज बनाया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर की सेवाभावी संस्था श्री रामदल समिति द्वारा दशहरा पर्व गुरुवार 02 अक्टूबर को परम्परागत रूप से बड़े मिशन ग्राउंड में मनाया जावेगा, इस हेतु दशहरा का प्रमुख्य आकर्षण रहने वाला दशानन रावण मिशन स्कूल के मैदान में अपनी भुजाये फैलाये हुए खड़ा हो चुका है, दशहरा 02 अक्टूबर की शाम 06 से प्रारम्भ होने वाले इस आयोजन में श्री रामदल समिति के संरक्षक मंडल के जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक विधायक दिनेश राय,नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया(पदेन) तथा राजकुमार खुराना, नरेश दिवाकर, शंकर लाल सोनी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जावेगा फिर बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर संस्कारधानी जबलपुर के माँ नर्मदा की नित्य आरती करने



वाले आचार्यों द्वारा श्री रामचन्द्र जी भव्य महाआरती होगी और फिर आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमो में श्री राम की बाललीला के साथ श्री हनुमान जी की लीला का मंचन होगा,इसके बाद नरसिंह अवतार का भव्य मंचन होगा इस बार बुराई के प्रतीक रावण का पुतला 51 फिट का महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा निर्मित किया जाकर आयोजन स्थल पर खड़ा किया जा चुका है, जिस पर रंग-बिरंगी आतिशबाजी दहन के दौरान नजर आयेगी, श्री राम श्री लक्ष्मण के अग्निबाणों से रात्रि 09 बजे इसका दहन होगा इस दौरान आकाश में आकर्षक आतिशबाजी होगी। दशहरा पर्व के लिए मिशन स्कूल ग्राउंड को व्यवस्थित किया जा रहा है यहां बेरिकेटिंग की जाकर हर वर्ग के लिए अलग अलग व्यवस्था की गई जा रही है जिसमे वरिष्ठ बुजुर्गों के लिए, महिलाओं एवं बच्चों के लिए विशेष बैठक व्यवस्था की जावेगी, पूरे ग्राउंड में सीसी टीव्ही कैमरे से निगरानी की जावेगी, साथ ही कलेक्टेड आफिस रोड, एसपी आफिस रोड़, चौपाटी रोड तथा मिशन ग्राउंड पर पार्किंग की व्यवस्था की जावेगी। रावण दहन के उपरांत यहाँ से विजय यात्रा प्रारंभ होगी जो शुक्रवारी से मुख्य शोभायात्रा में शामिल होगी इस विजय यात्रा में प्रभु श्री राम श्री लक्ष्मण और श्री हनुमान जी आकर्षक रथ पर सवार होकर नगर भृमण करेंगे ।

### सुरक्षा-यातायात पर प्रशासन का जोर, दशहरा स्थल का किया निरीक्षण

# बालाघाट में 60 फीट का रावण जलेगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

60 साल से अधिक समय से बालाघाट में हो रहे दशहरा पर्व पर रावण दहन के आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष 2 अक्टूबर को दशहरा मैदान में होने वाले इस आयोजन में लगभग दो से पांच हजार लोगों की संभावित भीड़ को देखते हुए, आयोजकों और प्रशासन ने मिलकर कई व्यवस्थाएं बदली हैं।

मंगलवार को एसडीएम गोपाल सोनी, सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया, और नगर पालिका सीएमओ बी.डी. कतरोलिया की टीम ने दशहरा मैदान में चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

इस बार 60 फीट का रावण और 55-55 फीट के मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। अधिकारियों ने पुतलों के निर्माण के साथ ही मैदान में आने वाले लोगों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को देखा।



हालांकि नगर के बूढ़ी और गायखुरी क्षेत्रों में भी अब रावण दहन के कार्यक्रम होने लगे हैं, फिर भी मुख्य दशहरा चल समारोह और रावण दहन देखने आने वालों की संख्या काफी अधिक होती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने इस बार निम्नलिखित महत्वपूर्ण बदलाव किए हैः पूरे मैदान और आसपास के 100 मीटर से अधिक क्षेत्र को बिजली की रोशनी से कवर किया जाएगा। रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के दहन के लिए आने वाली श्रीराम शोभायात्रा और हनुमान स्वरूप का प्रवेश मार्ग लाइब्रेरी एंड से किया गया है।मैदान में मेडिकल और फायर टीमें मौजूद रहेंगी। रावण दहन देखने में बाधा बन रहे मैदान किनारे के अतिक्रमण को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि रावण दहन के दौरान कैंपस में प्रवेश करने वाली श्रीराम शोभायात्रा और हनुमान स्वरूप के साथ, केवल 20 से 25 स्वयंसेवकों को ही प्रवेश दिया जाएगा। आयोजक महावीर सेवादल समिति को ड्रेस कोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उनकी पहचान हो सके।

दशहरा चल समारोह की व्यवस्था महावीर सेवादल समिति देख रही है। इस वर्ष पहली बार, प्रशासनिक तौर पर तुषार उपाध्याय को हनुमान जी का स्वरूप धारण करने के लिए मनोनीत किया गया है। लगभग 40 किलो वजनी यह स्वरूप धारण करने वाले साधक, दशहरा के दो महीने पहले और नवरात्र से मंदिर में तपस्या में जुट जाते हैं। पिछले वर्ष बूढ़ी से हनुमान स्वरूप के मुख्य समारोह तक आ जाने से हुई दिक्कत को देखते हुए, इस बार बूढ़ी क्षेत्र में ही बैरिकेडिंग कर हनुमान स्वरूप को मुख्य समारोह में आने से पहले रोका जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था जैसी स्थिति न बने।

### पीड़ित नागरिकों ने की पुलिस थाना वारासिवनी में शिकायत

# आयुर्वेदिक दवाईयों से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर 5 लोगों से ठगे 2 लाख 26500 रुपये

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मानव जीवन अगर कठिनाईयों से भरा हो और समाधान निकालने के लिए मार्ग ढूंढने का प्रयास किया जाए, तो कभी-कभी मार्ग में ऐसे रास्ते भी मिल जाते हैं, जिससे हम और भी मुसीबतों में फॅस जाते है। ऐसा ही मामला फिर एक बार प्रकाश में आया हैं, जिसमें 25 से 30 लोग एक फर्जी चिकित्सक के झॉसे में आकर लाखों रूपये गॅवा बैठे हैं। आयुर्वेदिक दवाईयों के माध्यम से बीमारियों को ठीक करने का दावा एक व्यक्ति द्वारा बालाघाट के 3 तथा कटंगी व बुदबुदा के एक-एक व्यक्ति से लगभग 2 लाख 26500 रुपये की ठगी कर ली गई है।



**जीभ का कैंसर ठीक करने के नाम पर लिए एक लाख 30 हजार रुपयेः** पीड़िता निशा खांडेकर ने बताया कि उनके पति को जीभ का कैंसर है। उन्होंने उनके इलाज के लिए अपने रिश्तेदारों से संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि बुदबुदा में 6 से 7 माह से लगातार एक आयुर्वेदिक चिकित्सक आ रहा है। जो दवाईयॉ देता हैं। जिस पर वह कोटवार विनोद मेश्राम के निवास स्थान पर उस आयुर्वेदिक चिकित्सक से मिली। उन्होंने मुझसे समस्या पूछी और ईलाज के लिए 1 लाख 30 हजार का खर्चा बताया। मेरे द्वारा जब पहले दवाई देने और असर देखने की बात कही गई, तो आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा मुझे पहले राशि देने की बात कही गई। मेरे द्वारा 30 हजार रूपये पहली राशि देने पर उनके द्वारा एक बाटल में काडा और 2 प्रकार की दवाई दी गई। वहीं दूसरे दिन 1 लाख रूपये राशि चिकित्सक को दे दी गई। जिसके बाद इस दवाई का कोई असर नहीं हुआ, उल्टा दुष्प्रभाव देखने को मिला। जिसके बाद हमने आयुर्वेदिक चिकित्सक से संपर्क किया और राशि लौटाने की बात कही, तो उसने 30 हजार रुपये की राशि वापस लौटाई और फिर शेष राशि एक लाख रुपये शीघ्र देने की बात कही। लेकिन उसके बाद वह सिर्फ तारीख पे तारीख देता रहा और फिर मोबाईल नंबर बंद कर लिया।

**पथरी, पाईल्स, विक्षिप्तता ठीक करने के नाम पर लिए 50 हजार रुपयेः** वहीं बालाघाट बूढ़ी निवासी धनीराम मेश्राम ने बताया कि उनका बालक मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं और पत्नी को पीत्ताशय, पथरी व पाईल्स की बीमारी हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा एक मुश्त 50 हजार रूपये की राशि मॉगी गई और धीरे-धीरे दवाई देने की बात कही गई। जिस पर मेरे द्वारा ग्राम बुदबुदा में 20 हजार रुपये व बालाघाट में 30 हजार रुपये की राशि उसे दी गई और जब दवाई ले जाई गयी और कुछ असर देखने नहीं मिला। तब चिकित्सक को फोन किया, पहले तो मोबाईल फोन बंद आया। लेकिन एक दिन वह बालाघाट के किसी होटल के सामने नजर आया, जिस पर मेरे द्वारा होटल संचालक से पूछने पर होटल संचालक ने बाहर बैठने की बात कही। फिर मेरे द्वारा चिकित्सक को पकड़ कर घर ले जाया गया, जिस पर उसके द्वारा दो से तीन दिन में राशि देने की बात कही गई। लेकिन आज तक ना चिकित्सक का पता है और ना ही राशि का।

**3 लोगों से लिए 76500 रुपयेः** इस आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा इन दोनों के अलावा कटंगी के वार्ड नम्बर 12 निवासी दोसेन्द्र चैतराम वासनिक से 17 हजार रुपये, बालाघाट के वार्ड नम्बर 1 जानकी बाई धुवारे गेट के अंदर बूढ़ी निवासी योगेन्द्र दौलतराय गढ़पाल से 33 हजार रुपये और बालाघाट वार्ड नम्बर 1 बूढ़ी निवासी हंसराज मनीराम डोंगरे से 26500 रुपये की राशि इलाज के नाम से ले ली।

**पॉचों पीड़ितों में से कोई नही जानता उसका नामः** इस पूरे प्रकरण में आश्चर्यजनक बात यह हैं कि इन पॉचों पीड़ितों में से किसी एक भी उस आयुर्वेदिक चिकित्सक का नाम व पता नहीं मालूम है, जिसने इन्हें ठग लिया हैं। हॉ एक पीड़ित द्वारा चुपके से उसका बनाया हुआ विडियो है, जिसमें कथित आयुर्वेदिक चिकित्सक नजर आ रहा हैं और दवाई दे रहा है।

## ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में हो रहा चैतन्य झॉकियों का प्रदर्शन




### नवरात्रि में अपनी आंतरिक शक्तियों के अनुभव का दिया जा रहा संदेश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वारासिवनी साधना भवन में नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर चैतन्य झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। इन चैतन्य झांकियां के द्वारा भक्त प्रेमियों को संदेश दिया गया कि नवरात्रि हमारे जीवन में केवल उत्सव और रसों का समय नहीं बल्कि आत्मा को उसकी वास्तविक शक्ति और दिव्यता की याद दिलाने का अवसर है। देवी की प्रतिमाएं, उनके शास्त्र और उनके रूप ये सब हमारे आंतरिक गुणों और शक्तियों का प्रतीक है। नवरात्रि का संदेश यह है कि हर आत्मा स्वयं शक्ति स्वरुप है। अपने आप में एक चैतन्य ज्योति है। जब आत्मा अपने परमात्मा शिव से राजयोग द्वारा जुड़ती हैं, तभी उनकी अष्ट शक्तियां प्रकट होने लगती है। जैसे बैटरी चार्जर से जुडक़र ही ऊर्जा पाती हैं, वैसे ही आत्मा भी परमात्मा सर्वशक्तिमान शिव से जुडक़र ही अपनी खोई हुई शक्तियां पुनः प्राप्त कर सकती हैं और जब हम अपनी अष्ट शक्तियां को जागृत करके उन्हें व्यवहार में लाते हैं, हमारा साधारण जीवन भी तब से असाधारण यानी विशेष बन जाता है।

## स्वस्थ नारी, सशक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

बालाघाट। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के निर्देशन एवं जिला अर्बन नोडल अधिकारी डॉ निशांत नंदागौली के मार्गदर्शन में 30 सितंबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 662 छात्राओं, 14 छात्रों और 16 टीचर्स सहित सपोर्ट स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें हीमोग्लोबिन और सिकल सेल जांच की गई। इसके अलावा किशोर स्वास्थ्य पर विशेष काउंसलिंग गतिविधि भी संपादित की गई, जिसमें उमंग हेल्थ काउंस की काउंसलर डॉ. रोशनी ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## संतोषी माता के मंदिर मे हुआ भंडारे में पहुंचे विधायक करहिे

हरिभूमि न्यूज किरनापुर ।

नवरात्रा पर्व के पावन अवसर पर संतोषी माता के मंदिर बस स्टैण्ड किरनापुर मे शारदेय नवरात्र पर्व बड़े ही आस्था एवं श्रद्धा भाव से पूजन अर्चन करते हुए पूरे नौ दिन तक मनाया गया। सुबह शाम पूजन अर्चन एवं आरती कर भक्ति भाव से आराधना उपासना की गई। इस अवसर पर सप्तमी पर हवन पूजन कर नौ कन्या भोज कराया गया। तथा नवरात्र की अष्टमी पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार कर्राहे ने भी कार्यक्रम मे शिरकत करते हुए मातारानी का पूजन कर महाप्रसादी वितरित करने मे अपनी सहभागिता प्रदान की। इस कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भक्तों द्वारा शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण करते हुए पुण्य लाभ प्राप्त किया गया। इन संपूर्ण कार्यक्रमों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे संतोष क्षीरसागर, मंगल प्रसाद रैकवार, डॉ नन्हे बहेकार, मुकेश सिंह चौहान,शिव तारन, हेमेंद्र सारंगपुरे,चंदू राहंगडाले, वेणु शंकर परिमल, होमेंद्र क्षीरसागर, दिनेश मिश्रेकर, सागर रैकवार, डॉ लल्ला सारंगपुरे, दीपक हरड़े, अनुज तिवारी, सुरेश सोनी, संदीप सिरसाज, राकेश बोरकर, संजय सिंह चौहान,भागवत दादरे, दिलीप पांचे, सुखदेव सिंघनधूपे, मुकेश सोनी, मदन मोहन पाराशर,राम कुमार राणा, शीतल क्षीरसागर, रश्मि, शशि, अर्चना, शोभा, रोमी, भव्य, प्रीति क्षीरसागर,करूणा सारंगपुरे रेणुका सारंगपुरे सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।



## एमवाईएल नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड से सावधान

### अमीर बनने और घर बैठे पैसा कमाने का सपना दिखाकर एजेंट कर रहे ठगी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में इन दिनों एक नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के एंजेट खूब सक्रिय है. यह एंजेट गांव के भोले-भाले गरीब युवक-युवतियों को स्कील डेवलमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कम्प्यूटर कोर्स और घर पर बैठे-बैठे ही हर महीने हजारों रुपए की कमाई का सपना दिखाकर अपने साथ जोड़ रहे है. दरअसल, शुरूआत में तो एंजेट कोर्स के नाम पर युवक-युवतियों से साढ़े 10 हजार रुपए की नकदी रकम लेकर उन्हें अपने साथ जोड़ लेते है लेकिन युवक-युवतियों को किसी तरह का कोर्स कराने की बजाए प्रोडेक्ट बेचने और पिरामिड यानी चैन सिस्टम बनाकर अन्य लोगों को जोड़ने के लिए मजबूर करते है. इस बात का खुलासा एमवाईएल नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के झांसे में फंसने वाली कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 08 की फिजा खान और ग्राम लोहमारा की भारती मरठे ने किया है. गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली इन बेटियों को एमवाईएल से जुड़ी युवक-युवतियों ने मारपीट की कोशिश की जिसके बाद पूरा मामला थाने तक पहुंचा और फिर यह पूरा खुलासा हुआ कि किस तरह से एमवाईएल नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के एंजेट कोर्स के नाम पर युवक-युवतियों को ठग रहे है. हालांकि जब नेटवर्क कपंनी से जुड़े हुए लोगों ने पीड़ितों के पैसे वापस कर दिए तो मामला शांत हुआ। एमवाईएल के एंजेंट वैसे तो खुद दोपहिया वाहन से आते है लेकिन जिन गरीब और भोले-भाले लोगों को यह अपने साथ जोड़ना चाहता है उन्हें घर पर बैठे-बैठे ही कोर्स के साथ-साथ हर महीने हजारों और फिर लाखों की कमाई और खुद की चारपहिया वाहन खरीदने का सपना दिखाते है. ग्रामीण परिवेश के लोग इन एजेंटों के जाल में आसानी से फंस जाते है और फंसने के चंद दिनों बाद ही उनके समझ में सारा खेल आता है कुछ लोग इन एजेंटों के बहकावे से बाहर निकल जाते है जबकि कुछ लोग अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय यहीं बर्बाद कर देते है. बता दें कि कटंगी क्षेत्र में कार्य कर रही एमवाईएल नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड सप्लीमेंट्स, हर्बल मिश्रण, सीरम, फेस वॉश, शैंपू, हेयर ऑयल जैसे प्रोडेक्ट एंजेंट के जरिए बेचने का दावा करती है. हालांकि यह लोग प्रोडेक्ट बेचने के नाम पर किसी को अपने साथ नहीं जोड़ते बल्कि एंजेंट यह बताते है कि उन्हें स्कील डेवलमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, कम्प्यूटर कोर्स करवाया जाएगा. जबकि पैसा लेने के बाद कंपनी के एंजेंट जुड़ने वाले व्यक्ति को सबसे पहले प्रशिक्षण और साथ में प्रोडेक्ट कीट देते है. इस कीट की कीमत साढ़े 10 हजार रुपए होती है. अब यह कीट खरीदने वाला चाहे बेचे या उपयोग करें खरीदने वाले पर निर्भर करता है लेकिन एक बात यह है कि इसके बाद उन्हें लगातार इसी तरह के प्रोडक्ट को बेचने के अलावा पिरामिड तैयार करने के लिए कहा जाता है।

## बालाघाट जिले के पहले राहवीर बने डॉ. अंकित असाटी

### भोपाल में आयोजित समारोह में इनामी राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भोपाल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, इस समारोह में 30 सितम्बर को मुख्य अतिथि परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। जिसमें जिले के मोहगाँव-मलाजखंड निवासी डॉ. अंकित असाटी को सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जान बचाने पर राहवीर योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया है। उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह, परिवहन आयुक्त श्री विवेक शर्मा और एस.आई.ओ. एनआईसी श्री कमलेश जोशी भी उपस्थित थे।डॉ. असाटी ने 13 अगस्त 2025 को मलाजखंड में एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक अक्षय तेकाम को समय पर सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाई थी। उन्होंने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट और फिर गोंदिया के सहयोग अस्पताल रेफर किया गया। डॉ. असाटी की इस पहल ने न केवल अक्षय की जान बचाई, बल्कि यह भी दिखाया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति मानवता की सेवा में आगे आ सकता है।सम्मान मिलने के बाद डॉ. असाटी ने सभी से अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति को अकेला न छोड़ें और समय पर सहायता प्रदान करें, जिससे हम सब मिलकर सच्चे 'राहवीर' बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हर कोई इस तरह की पहल करेगा, तो हम समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं और अधिक लोगों की जान बचा सकते हैं। डॉ. असाटी का यह कार्य न केवल बालाघाट जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है।

### तीन माह से नहीं मिला मानदेय, अतिथि शिक्षक परेशान

## बीईओ को अतिथि शिक्षक संघ लालबर्रा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बीते एक दशक से भी ज्यादा समय से नियमित शिक्षक बनने की बाट जोह रहे अतिथि शिक्षकों के सामने अब आर्थिक विपन्नता की स्थित निर्मित हो गई है। गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एमपी एजुकेशन पोर्टल के 3.0 के माध्यम से शाला में ई-अटेंडेंस लगाकर प्रदेश में अतिथि शिक्षकों के मानदेय संधारण की व्यवस्था की गई।किंतु ई अटेंडेंस का विरोध कर उपस्थिति पंजी के आधार पर मानदेय संधारण करने की मांग को लेकर 30 सितंबर को दोपहर तीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी को अतिथि शिक्षक संघ लालबर्रा के बैनर तले लालबर्रा क्षेत्र के विभिन्न शालानाओं एवं विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में माह जुलाई,अगस्त और सितम्बर माह में लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के आदेशानुसार विकासखंड अंतर्गत शालाओं में कार्यरत कुछ एक अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस लगाई है परंतु बहुत से अतिथि शिक्षकों द्वारा उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज कर अध्यापन कार्य करवाया गया है।अतिथि शिक्षकों ने मांग की है कि माह जुलाई,अगस्त और सितंबर माह का मानदेय मानदेय पत्रक के आधार पर किया जाए और मानदेय पत्रक के आधार पर यदि मानदेय संधारित नहीं किया जाता है तो तीनों माह का मानदेय विकासखण्ड के किसी भी अतिथि शिक्षक मानदेय संधारित नहीं किया जाये।ज्ञापन सौंपने के दौरान अतिथि शिक्षक संघ लालबर्रा सचिव प्रवीण बहरे,सह सचिव मुकेश कुमार सरटि,कार्यकारिणी सदस्य संजय चांदेकर,अकील अख़्तर खान,मानसिंह बघेल,नरेंद्र चौहान,संदीप माने,अनिल कावरे,नरेंद्र पंचेश्वर सहित अन्य अतिथी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# शराब दुकान में आग लगाकर दो लोगों को जिंदा जलाने के आरोप में पांच लोगों को उम्रकैद की सजा

### जिले के लांजी थाना अंतर्गत ग्राम टेमनी में नौ साल पहले हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

बालाघाट जिले के लांजी थाना अंतर्गत ग्राम टेमनी में नौ साल पहले वहां की अंग्रेजी शराब दुकान में आग लगाकर मैनेजर और सेल्समैन को जिंदा जला कर मार डालने के आरोप में जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 43 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है।



#### क्या था मामला

जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि यह घटना ग्राम टेमनी में 5 जून 2016 को घटित हुई थी। जहां किशन लाल राठौर की बेटी की शादी में महाराष्ट्र से बारात आई थी और संजय राठौर शराब लेने शराब की दुकान गया था। जहां शराब की कीमत को लेकर उसका सेल्समैन से विवाद हो गया था। बाद में संजय राठौर लगभग 100 से 150 लोगों की भीड़ लेकर शराब दुकान पहुंचा और शराब दुकान के सेल्समैन रामविलास यादव और मैनेजर अमरेंद्र सिंह को शराब दुकान में बंद कर दिया और मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी, जिसमें दोनों कर्मचारियों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

घटना पर लांजी पुलिस ने 25 नामजद आरोपियों सहित 100 से अधिक आरोपियों पर मामला पंजीबद्ध किया था। हालांकि पूरे प्रकरण में पुलिस ने 30 लोगों को ही आरोपी बनाया था, जिसमें सुनवाई के दौरान दो आरोपियों की मौत हो गई। जबकि 23 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

#### अदालत का फैसला

इसके बाद माननीय न्यायालय ने प्रकरण में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर पांच आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 43 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

## बालाघाट में स्फूर्ति योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला

### पूर्व विधायक समरीते ने कलेक्टर को पत्र लिखकर की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।

स्फूर्ति योजना का मतलब है पारंपरिक उद्योगों के पुनर्जनन के लिए निधि (स्कीम ऑफ फंड फॉर रीजनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज)। यह भारत सरकार की एक योजना है, जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा 2005 में पारंपरिक उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और लाभदायक बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। योजना का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को क्लस्टर के रूप में संगठित करना, उनके कौशल में सुधार करना, उत्पादों को बढ़ावा देना और उनकी बाजार क्षमता बढ़ाना है। परंतु इसके विपरीत बालाघाट जिले में स्फूर्ति योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आया है। मध्यप्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित इस योजना में बालाघाट में दो संस्थाओं द्वारा 3०03 करोड़ और 1.75 करोड़ की लागत से बांस और लाख की प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का दावा किया गया था, लेकिन वास्तव में कार्यस्थल पर कुछ भी नहीं है। इस मामले में और भी गंभीर बात यह है कि मशीनों के सप्लाई के बिल उस व्यक्ति के नाम पर हैं जिसके पास मशीनों को बनाने का कोई उद्योग नहीं है। यह अनियमितता इतनी बड़ी है कि इसके लिए जांच दल गठित करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की जा रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त कांति पार्टी एवं पूर्व विधायक लांजी किशोर समरीते ने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

